ಮಾರ್ಚ್/ಏಪ್ರಿಲ್ 2025 ರ ಪರೀಕ್ಷೆ-1
MARCH/APRIL 2025 EXAMINATION-1

**A**

**CCE RF/RR/PF/PR**

[ ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 12

[ Total No. of Printed Pages : 12

[ ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 38

[ Total No. of Questions : 38

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 61-H** **Code No. : 61-H**

# ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

# Subject : Third Language — HINDI

**(ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ/ಶಾಲಾ ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ/ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ/ಖಾಸಗಿ ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ)**

**( Regular Fresh / Regular Repeater / Private Fresh / Private Repeater )**

ದಿನಾಂಕ : 04. 04. 2025 ] [ Date : 04. 04. 2025

ಸಮಯ : ಬೆಳಗ್ಗೆ 10-00 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 1-00 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 10-00 A.M. to 1-00 P.M.

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80 ] [ Max. Marks : 80

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

**Cut here / ಇಲ್ಲಿ ಕತ್ತರಿಸಿ**

1. इस प्रश्नपत्र में कुल 38 प्रश्न हैं ।
2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय **आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग** को काटकर खोलें **(तीर निशान का अनुसरण करें) प्रश्नपत्र खोलने के लिए बायें भाग को न काटें ।** जाँच करें कि प्रश्नपत्र के सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने के 15 मिनट भी शामिल हैं ।
6. आप यह सुनिश्चित कर लें कि आपको दिए गए प्रश्नपत्र का संस्करण (Version) और आपके प्रवेशपत्र में मुद्रित प्रश्नपत्र का संस्करण (Version) एक ही हो ।

यहाँ से काटिए

**TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER**
प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

**Tear here**



Visit CollegeDekho

**I.** **निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार–चार विकल्प सुझाए गए हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए :** **8 × 1 = 8**

1. 'उचित' शब्द का विलोम रूप है –

(A) सूचित (B) अनुचित

(C) समुचित (D) चित

2. निम्नलिखित में से बहुवचन शब्द है –

(A) प्रतियाँ (B) प्रति

(C) पुस्तक (D) पत्ता

3. 'लेखिका' शब्द का पुल्लिंग रूप है –

(A) लेखन (B) लेखनी

(C) लेख (D) लेखक

4. 'गिरना' शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है –

(A) गिरावट (B) गिराना

(C) गिर (D) गिरी



Visit CollegeDekho

5. मैं आपके लिए क्या कर सकता हूँ ?

वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है –

(A) विस्मयादिबोधक (B) पूर्ण विराम

(C) प्रश्नवाचक (D) अल्पविराम

6. 'एकैक' शब्द में संधि है –

(A) वृद्धि (B) गुण

(C) अयादि (D) व्यंजन

7. निम्नलिखित में से द्विगु समास का उदाहरण है –

(A) राजकुमार (B) दिन–रात

(C) बारहमासा (D) आजीवन

8. यह तो जमीन ........... लेटा है ।

रिक्त स्थान में सही कारक चिह्न होगा –

(A) की (B) पर

(C) से (D) को



Visit CollegeDekho

**II. निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए :** **4 × 1 = 4**

9. ज्ञान का : दीप : : न्याय का : ...........

10. मेरा बचपन : आत्मकथा : : ईमानदारों के सम्मेलन में : .. .................

11. धंधे की चिंता थी : रोबोजीत को : : साधोराम की चिंता थी : ...........

12. मेजर : कुमार : : रज्जु नेता : ..................

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक–एक पूर्ण वाक्य में लिखिए :** **4 × 1 = 4**

13. लेखक प्रेमचंद जी को क्या नज़र आया ?

14. लेखक पहनने के कपड़े कहाँ दबाकर सोये ?

15. समय किसका दिया हुआ अनुपम धन है ?

16. यशोदा किसकी कसम खाती है ?



Visit CollegeDekho

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो–तीन वाक्यों में लिखिए :** **8 × 2 = 16**

17. 'कश्मीरी सेब' पाठ से क्या सीख मिलती है ?

18. रोबोनिल सक्सेना के घर में क्या–क्या काम करता था ?

19. मछली ने मकान बनाने के बारे में क्या सुझाव दिया ?

20. बचेन्द्री पाल की शिक्षा के बारे में लिखिए ।

21. कवि के अनुसार समय का सदुपयोग कैसे करना चाहिए ?

22. कृष्ण अपनी माता यशोदा के प्रति क्यों नाराज़ है ?

23. शनि एक सुंदर ग्रह है । कैसे ?

**अथवा**

'टाइटन' के बारे में लिखिए ।



Visit CollegeDekho

24. सत्य की शक्ति के बारे में महात्मा गाँधीजी का कथन क्या है ?

**अथवा**

सलमा ने प्रकृति के बारे में क्या कहा ?

V. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन–चार वाक्यों में लिखिए :** **9 × 3 = 27**

25. अब्दुल कलाम जी का बचपन बहुत ही निश्चिंतता और सादगी में बीता । कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।

26. लेखिका ने गिल्लू के प्राण कैसे बचाये ? बताइए ।

27. इंटरनेट से होनेवाले किन्हीं तीन लाभों के बारे में लिखिए ।

28. राजकिशोर के परोपकारी गुणों का परिचय दीजिए ।

29. बालशक्ति के बालक गाँव को आदर्श गाँव कैसे बनाते हैं ? विवरण दीजिए ।



Visit CollegeDekho

30. कवि ने मातृभूमि के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कैसे किया है ?

31. दिनकर जी ने आधुनिक मानव की भौतिक साधना का वर्णन कैसे किया है ? बताइए ।

32. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :

मुखिया मुख सों चाहिए, खान पान को एक ।
पालै पोसै सकल अंग, तुलसी सहित विवेक ।।

33. गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में कीजिए :

दोनों दोस्त जंगल से लौटकर आए और एक जगह मकान बना लिया । यह दुनिया में आदमी के हाथों बना पहला मकान था ।



Visit CollegeDekho

**VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच–छ: वाक्यों में लिखिए :** **2 × 4 = 8**

34. कर्नाटक राज्य की शिल्पकला और वास्तुकला अनोखी है । कैसे ? वर्णन कीजिए ।

**अथवा**

कन्नड़ भाषा तथा संस्कृति को कर्नाटक के साहित्यकारों की देन अनमोल है । कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।

35. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :

असफलता ............................

..........................................

..........................................

............................ भागो तुम ।



Visit CollegeDekho

**VII.** **गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **1 × 4 = 4**

36. कर्नाटक एकीकरण के लिए आलूर वेंकटराव जी की सेवा अविस्मरणीय है । राष्ट्रसेवा के लिए उन्होंने वकालत छोड़ दी । उच्च विचार, सादा जीवन अपनाया । वकालत छोड़ने पर उन्हें अपना मनपसंद काम करने का मौका मिलने लगा । वेंकटराव जी मानसिक आजादी को सबसे बड़ी आजादी समझने लगे । उन्हीं के प्रयत्न से धारवाड में 'कर्नाटक नूतन विद्यालय' स्थापित हुआ । उस समय छात्रों को आत्मनिर्भर बनाना राष्ट्रीय शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य था । वेंकटराव जी ने नव कर्नाटक निर्माण का सपना देखा था ।

(अ) आलूर वेंकटराव जी ने वकालत क्यों छोड़ दी ?

(आ) वेंकटराव जी ने कैसा जीवन अपनाया ?

(इ) राष्ट्रीय शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य क्या था ?

(ई) वेंकटराव जी ने कैसा सपना देखा था ?



Visit CollegeDekho

**VIII. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12-15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए :** **1 × 4 = 4**

37. (क) **खेलों का महत्व**

- ✳ प्रस्तावना
- ✳ खेल के प्रकार
- ✳ खेलने से होनेवाले लाभ
- ✳ उपसंहार ।

(ख) **इंटरनेट – एक वरदान**

- ✳ प्रस्तावना
- ✳ इंटरनेट का अर्थ
- ✳ इंटरनेट से लाभ
- ✳ उपसंहार ।

(ग) **नागरिक के कर्तव्य**

- ✳ प्रस्तावना
- ✳ नागरिक के कर्तव्य तथा महत्व
- ✳ उपसंहार ।



Visit CollegeDekho

**IX. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए :** 1 × 5 = 5

38. अपनी बड़ी बहन की शादी का निमंत्रण देते हुए अपने दोस्त को पत्र लिखिए ।

**अथवा**

कोई सकारण देते हुए अपने मुख्य अध्यापक के नाम छुट्टी पत्र लिखिए ।



Visit CollegeDekho

DO NOT WRITE ANYTHING HERE



Visit CollegeDekho